पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राजभवन में कल 11 दिसम्बर, 2023 को सामूहिक रूप से सुना जाएगा 'विकसित भारत @ 2047' पर प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन

प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय में भी सुना जायेगा प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन

राजभवन में सम्बोधन के बाद विश्वविद्यालयों से आए कुलपतियों और शिक्षकों की होगी चर्चा-परिचर्चा

लखनऊ : 10 दिसम्बर, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी की संरक्षकीय छाया में कल 11 दिसम्बर, 2023 को 'विकसित भारत @ 2047' कार्यक्रम के तहत राजभवन में देश के प्रधानमंत्री जी का सम्बोधन ऑनलाइन प्रसारित होगा। इस कार्यक्रम में प्रदेश के 14 राज्यों के विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं रजिस्ट्रार प्रत्येक से 10-10 शिक्षक, 5 निजी विश्वविद्यालयों के प्रतिनिधि, बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ, डॉ0 राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय लखनऊ तथा इण्डियन इंस्टीट्यूट ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी लखनऊ के प्रतिनिधि भी प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय इस कार्यक्रम को ऑनलाइन देखेंगे।

कार्यक्रम में प्रातः 10:33 से 11:18 बजे तक देश के प्रधानमंत्री ऑनलाइन सम्बोधित करेंगे। सम्बोधन के बाद विश्वविद्यालयों से आए विद्वान प्रतिभागी विकसित भारत के संकल्प पर विभिन्न विषयों पर पैनल डिस्कशन करेंगे तथा प्रश्नोत्तर कार्यक्रम द्वारा शंका समाधान, विचार-विमर्श भी होगा। यहाँ उल्लेखनीय है कि इस संदर्भ में एक पोर्टल भी लांच होगा, जिसमें विद्यार्थी लॉगइन करके अपने विचार दे सकेंगे।

डॉ. सीमा गुप्ता,
सहायक निदेशक
कृष्ण कुमार, सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र-8318116361